# 28. सूचना-लेखन

सूचना-लेखन एक महत्त्वपूर्ण विधा है। कम से कम शब्दों में किसी विषय के बारे में सूचित करने के लिए लिखित जानकारी सूचना-लेखन कहलाती है। इनके द्‌वारा किसी व्यक्ति अथवा संगठन की ओर से सार्वजनिक या व्यक्तिगत स्तर पर सूचित किया जाता है। आमतौर पर इनकी भाषा औपचारिक होती है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को सूचना-लेखन के विषय में समझाएँ।
- सूचना-लेखन की परिभाषा समझाएँ।
- सूचना लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताएँ।
- छात्रों को इसका प्रारूप समझाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए उदाहरणों को पढ़वाएँ।
- श्यामपट्ट पर अन्य विषयों से संबंधित सूचना लिखकर दिखाएँ।
- दिया गया अभ्यास करवाएँ तथा आवश्यकतानुसार सहायता करें।